Moving Every Mile With A Smile

संvad

# Maheshwari Logistics Ltd.

Coal | Logistics | Paper

January - March 2023
ISSUE 18

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे। कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ।।

*A person is called intelligent if his actions, behaviour, confidentiality and thoughts are seen only after completion of his task*

## स्पर्श



जान है तो जहान है

यह एक प्रसिद्ध कहावत है जिसका अर्थ है 'जिंदगी है तो सब कुछ है'। यानि अगर हम स्वस्थ हैं तो समझो हमारे पास दुनिया का सबसे अनमोल खजाना है। शास्त्रों में तो कहा ही गया है कि स्वास्थ्य धन ही सर्वप्रमुख धन है। स्वस्थ रहने का अर्थ रोग रहित तन का होने के साथ ही तनावमुक्त मन का होना भी है। शरीर और मन दोनों की स्वस्थता जीवन में सफलता के साथ आनन्दमय जीवन जीने का सूत्र है।

स्वस्थ रहने के कुछ सरल उपाय हैं-

**स्वस्थ दिनचर्या-** हमारी जीवन शैली को स्वस्थ रखने के लिए हमें अपने सोने और उठने के समय के लिए कुछ नियम बनाने चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। ये हमें अच्छी नींद लेने में सहायक होंगे जो सेहत के लिए सबसे जरुरी है।

**स्वस्थ आहार योजना-** अच्छे स्वास्थ्य के लिए अगला कदम है हमें अपनी दिनचर्या में खान पान को कुछ इस तरह रखना चाहिए कि हमें उस से शरीर की ज़रूरत के मुताबिक़ पौष्टिक तत्व मिल सकें।

**व्यायाम-** हमारी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने से हमारा शरीर लचीला और स्फूर्तिवान हो जाता है। आप जिस दिन सुबह व्यायाम करते हैं उस दिन देखिए आप दिन-भर कितने ऊर्जावान रहते हैं।

**ध्यान-** यानि मेडिटेशन, तन के साथ मन को स्वस्थ रखने के लिए हमें प्रतिदिन थोड़ी देर के लिए ध्यान करना चाहिए जिस से हमारा मन शांत होगा और हम अपनी सोच को बहुत ज़्यादा रचनात्मक बना पाएँगे। साथ ही नकारात्मक सोच को सकारात्मक बना पाएँगे।

मनुष्य जीवन एक बहुत ही मूल्यवान उपहार है। इसे स्वस्थ रखना हमारी ज़िम्मेदारी है। एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने से हमारे अंदर एक अलग ही स्फूर्ति बनी रहती है।

स्वास्थ्य है सबसे महत्वपूर्ण, इसके बिना जीवन अपूर्ण।।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad

## समन्वय



दोस्तों,

आज एक बार फिर मुझे संवाद के जरिए आप तक पहुँचने का मौका मिला है। सबसे पहले तो मैं आप सभी को वित्तीय वर्ष २०२२-२३ के पूरे होने पर बधाई देता हूँ। आप सबकी मेहनत और लगन से हमने ये साल भी बहुत अच्छे से पार कर लिया।

जो हो चुका उसकी परवाह करना बंद करो,
नया करो और आगे बढ़ो,
जो हो चुका अगर उसी में उलझे रहोगे,
तो आपका आज खराब हो जाएगा।

जो हो चुका है उस से हमें सिर्फ़ सीख लेनी चाहिए और उस सीख को ध्यान में रखते हुए आगे के कार्य करने चाहिए ताकि हम अपनी ग़लतियाँ दोहराएँ नहीं। आप इतने समझदार हैं कि मेरी इस बात को अच्छे से समझ सकते हैं।

अगर आप वाकई पीछे घटने वाली घटनाओं को दिन-रात अपने दिल और दिमाग़ में दोहराते रहेंगे तो आगे कुछ नया करने का निर्णय नहीं ले पाएंगे, ऐसा इसलिए होता है क्यूँकि आपका दिमाग़ जब पुरानी घटनाओंके विचारों से भरा होता हैं तो वह अच्छे और प्रेरक विचार पैदा नहीं करपाता है।

साथ आना एक शुरुआत है, साथ रहना प्रगति है,
और साथ काम करना एक सफलता है।

मुझे ख़ुशी है कि हम सब इस सफ़र में सफलता की तरफ़ काम कर रहे हैं। ज़िम्मेदारी कबूल करने वाला व्यक्ति कभी भी हाथ-पर-हाथ धरे नहीं बैठता, वो कभी भी इस इंतजार में नहीं बैठता कि बिना कुछ किये उसकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी। ज़िम्मेदारी उठाने वाला व्यक्ति अपनी तक़दीर खुद लिखता है, वह अपने काम को ईमानदारी के साथ पूरा करता है।

आइए हम सब साथ मिलकर इस नए वित्तीय वर्ष में एक प्रण लें कि हम सब और भी ज़्यादा ज़िम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे और कम्पनी को नयी ऊँचाई पर ले जाएँगे।

Varun Kabra
MD, Maheshwari Logistics Ltd.

## Testimonial

आपके द्वारा प्रकाशित संवाद काफी वर्षों से पढ़ने को मिलता है संपूर्ण पत्रिका पढ़ने योग्य है। इसका संपादकीय पूरी पत्रिका की शान है।

समन्वय मे विशिष्ट व्यक्ति जो अपनी बात रखते हैं वह सभी के लिए उपयोगी होती है। इस पत्रिका में सभी के लिए कुछ ना कुछ पढ़ने को एवं सीखने को मिलता है। कर्मठ और योग्य व्यक्ति के कार्यों के साथ फोटो छपती है वह अति उत्तम है। इससे अन्य व्यक्ति को प्रोत्साहन मिलता है कि हम भी कुछ ऐसा करें की हमारी भी छवि इस पत्रिका में छपे। कर्मचारियों के कार्य की जो फोटो छपती है उससे कंपनी के कार्य की जानकारी भी प्राप्त होती है।

विद्यार्थियों के लिए बहुत कुछ इस पत्रिका में छपता है। अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले बच्चों की छवि देखकर अन्य बच्चे भी प्रोत्साहित होते हैं, एवं उनमें एक प्रतिस्पर्धा का संचार होता है, वे भीस्वयं का निर्माण करने की चेष्टा करते हैं।

शिक्षाप्रद कहानियों का प्रकाशन बहुत ही उत्तम कार्य है। लेखक की छवि के साथ उनकी कृतियाँ प्रकाशित होती है उससे अन्य लेखकों को प्रोत्साहन मिलता है।

छोटे-छोटे बच्चों की कलाकृति को इस पत्रिका में स्थान मिलता है। आपके द्वारा रंग भरो प्रतियोगिता भी अति उत्तम है। जिन बच्चों का नाम और फोटो पत्रिका में छपती है उनका तो सीना गर्व से फूलता ही है, साथ में अभिभावक भी प्रसन्न होते हैं।

अंग्रेजी एवं क्षेत्रीय (गुजराती) भाषा में भी लेखन संकलित होने से पत्रिका की उपयोगिता बढ़ती है, एवं सभी को पसंद आती है।



स्वास्थ्य संबंधित सामग्री भी पत्रिका में अपना एक विशेष स्थान रखती है।

देश-विदेश के रमणीय स्थलों की फोटो के साथ जानकारी देना सभी के लिए ज्ञानवर्धक है।

अंत में यही कहूँगा कि संवाद ४ पन्नों की पत्रिका जरूर है पर यह गागर में सागर भरने जैसी है।

जगदीश काबरा, धनबाद

# IN HOUSE TALENT

*Congratulations to Aarav Maheshwari for second prize in Dance competition organised by JCI, Vapi.*




*Congratulations to Harshika Kabra for Certificate of Distinction for her outstanding performance in SOF International English Olympiad. School Rank-3rd, International Rank- 8th*






## *Congratulations for prizes in Sports Day, Organised by Maheshwari Seva Samiti, Vapi*

| Vrinda Maheshwari<br>First prize<br>in Badminton | Vidhi Maheshwari<br>First prize in<br>Lemon Spoon Race | Aarav Maheshwari<br>First Prize in<br>Chocolate Collection |
|---|---|---|
|  |  |  |
| Vishal Maheshwari<br>First Prize in<br>Carrom | Kanika Maheshwari<br>Second Prize in<br>Carrom | Aarnav Maheshwari<br>First Prize in<br>Reverse Walk |
|  |  |  |

## *Congratulations to Poonam Dhoot for prize in Online Poetry Writing organized by Maheshwari Mandal, Vapi*

### वतन मेरे, ऐ वतन




वतन मेरे- मेरे वतन,
तेरी सलामती के लिए किए हैं क्या क्या जतन।
खून से रंगी थी होली गोली से गूंजी दिवाली,
देशभक्तों ने बांधे तेरे लिए सर पे कफ़न।
तूफ़ान आँधियों ने जब भी किया है रुख़ यहाँ,
हवाओं को मोड़कर रोक वहीं उनके कदम।
धरती ने चूमा प्यार से आसमाँ रोया दुलार से,
माँ भारती के लिए सपूत का सर जब भी हुआ कलम।
तन तिरंगे से लिपट कर शहीद जब भी लौटा घर,
कण कण ने जन जन ने उस वीर को किया नमन।
पड़ोसियों को ललकार है अब जाबांज चौकीदार है,
हुंकार है कन्याकुमारी से कश्मीर तक है मेरा चमन।
पूनम की ये पुकार है १३५ करोड़ का संदेश है,
शक्तिशाली है हिंदुस्ता काफिरों ना करना तुम यहाँ भ्रमण।
फक्र है गुरूर है ऋणी ये रोम रोम है,
माँ और मातृभूमि यही हर बार लेंगे यहाँ जनम।
हिंदमहासागर अड़ा हिमाला जहां खड़ा,
वतन मेरे- मेरे वतन,
तू सूर्ख़रू रहे सदा करे हरसूँ जतन।
वन्दे मातरम्।।

## खाना खजाना

### गुलाब जामुन

सामग्री: हरियाली मावा और गुलाब जामुन मावा, 2 लीटर दूध पनीर के लिए, 100 ग्राम मैदा, 50 ग्राम आरारोट

विधि: सबसे पहले दूध को फाड़ कर उसका पनीर बना लें। उसके बाद मैदा, पनीर, अरारोट और मावा को मिला कर आटे जैसे ओसन लें। जरूरत हो तो थोड़ा पानी या दूध मिला सकते हैं। अब इस से छोटी-छोटी गोलियाँ बना लें और गर्म घी में डाल कर धीरे-धीरे हिलाते हुए तब तक पकाएँ जब तक गहरा भूरा रंग हो जाए। फिर उसे एक तार की चाशनी बना कर उसमें डाल दें। गोलियाँ बनाते समय उसमें इलाइची, पिस्ता वि केसर के टुकड़े बीच में डालें.



कविता राठी, मुंबई





# Congratulations to our well wishers

*Congratulations to Nisha Bhuradiya for becoming National President of Nepal Maheshwari Mahila Sangathan*



*Congratulations to Nidhi Jhanwar for Yuva Samman by Riddhi Siddhi Foundations*




*Congratulations to Riva Jajoo for Winning Gold Medal in National Taekwondo Championship and also getting selected for International*




*Congratulations to Shreya Maheshwari for being awarded Best in Dance by Shemford School, Mirzapur*




*Congratulations to Ritik Binani for winning prize in Best Slogan Writing Competition*

जंग साथ लड़े तो आसान लगे,
आपस में लड़ें तो युद्ध घमासान लगे।
तो क्यों न शांति पे ध्यान दें,
और अहिंसा को प्रतीक मान लें।



*Congratulations to Nevil Naik for coverage in Print India Magazine*



PACKAGING

**Bobst Ambition installation props up Neo Print N Pack packaging operation**

*Congratulations to K K Jewels for being awarded by Divya Bhaskar as* ***Prominent Jeweller-2023 with finest Jewellery Collection.***

*Award received from Hon. Chief Minister of Gujarat* ***Shri Bhupendra Bhai Patel***




## खेल खेल में

## Crossword




## RIDDLES

1. What word begins with E and ends with E, but only has one letter?
2. What is yours but mostly used by others?



Last Edition Sudoku solved by
Vamsi Krishna, Vapi
BalbeerMahecha, Surat
Rina Desai, Ahmedabad
Hardik Patel, Vapi

'रंग भरो प्रतियोगिता' में ईनाम पाने के लिए कविशा माहेश्वरी एवं अर्जुन दुबे को बहुत-बहुत बधाई









रिडल्स के सही जवाब आपको 15th April तक भेजने है।
जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।

# GLIMPSE OF EVENTS



Holi Celebration at Gandhidham office



Navratri Pooja at MLL House, Vapi



Republic Day Celebration at Kanpur office



Received LOI, from Mahindra CV Country Head Mr. Jalaj Gupta, for setting up Mahindra Showroom and Workshop at Hazira in Surat




Visit by D Mart team - Mr. Rajan Arora and Mr. Vivek Maheshwari to explore environment friendly ways to recycle their waste paper

***Participation in Online Poetry competition on 26th January organized by Maheshwari Mahila Mandal, Vapi***

***Shubham Maheshwari***




***Vinay Maheshwari***




***Neeraj Maheshwari***




आसमान में लहराता तिरंगा
हमको अपने से प्यारा है

कितनी ही संस्कृतियो का देश
ये देश हमारा न्यारा है।

देश विदेश में महिमा अपनी
यह इस मिट्टी कि माया है

भारत अपनी माता जानो
हम बच्चो को समझाते हैं

भारत को दिल में रखते हैं
जय भारत माता गाते है....



***Mahima Maheshwari***

दे सलामी इस तिरंगे को, जिसमें हम सबकी शान हैं
सिर हमेशा ऊँचा रखना, जब तक दिल में जान है।।

आन देश की, शान देश की, देश का हम अभिमान हैं,
तीं रंगों से रंगा तिरंगा, यही हिंदुस्तान की पहचान है।।

आओ तिरंगा फहरायें, आओ तिरंगा लहरायें,
अपना गणतंत्र दिवस है आया, सब मिल नाचें, गाएँ, खुशियाँ मनाएँ।।

***Vidhi Maheshwari***
***Aarav Maheshwari***



majithia - 9825268468